**भारत सरकार**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. **2864** जिसका उत्तर

शुक्रवार, **17 मार्च**, 2023/26 फाल्गुन, 1944 (शक) को दिया जाना है

**आईपीआरसीएल द्वारा पत्तन को जोड़ने के बारे में अध्ययन**

**†2864. श्री देवजी पटेल :**

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इंडियन पोर्ट रेल कारपोरेशन लिमिटेड (आईपीआरसीएल) ने आयात-निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्गो परिवहन हेतु रेल मार्ग से बरास्ता, सांचोर, जैसलमेर, बाड़मेर, भवतदा को अरब सागर में कांडला पत्तन के साथ जोड़ने के संबंध में कोई अध्ययन कराया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत कितनी है; और

(ग) क्या आईपीआरसीएल ने अपनी परियोजना के प्रसंस्करण और निष्पादन के लिए राजस्थान सरकार को महत्वपूर्ण रुपरेखा और सुझाव दिए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और राजस्थान सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

**उत्तर**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**

**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क) और (ख)**: जी हां, भारतीय पत्तन रेल निगम लि. (आईपीआरसीएल) ने जनवरी, 2018 में जैसलमेर-बाड़मेर- भाभार (357.28 कि.मी.) के बीच प्रस्तावित संरेखण के लिए "मार्ग युक्तिकरण और लागत इष्टतमीकरण" के संबंध में परियोजना रिपोर्ट तैयार की है। आईपीआरसीएल ने जनवरी, 2018 में प्रस्तुत परियोजना रिपोर्ट में, राजस्थान में उपर्युक्त परियोजना के प्रतिपादन और कार्य निष्पादन के बारे में अपने सुझाव दिए थे। आईपीआरसीएल द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार परियोजना की अनुमानित निर्माण लागत 1117.00 करोड़ रु. है। यह उल्लेख करना भी प्रासंगिक है कि भारतीय रेलवे ने भी वर्ष 2012-13 में उपर्युक्त लिंक का सर्वेक्षण किया था। परियोजना की लाभ दर (-) 7.74% (घटा) है। अतः, रेल मंत्रालय ने इसके व्यवहार्य न होने के कारण इस परियोजना को निष्पादित नहीं किया।

**(ग)**: जी हां। आईपीआरसीएल ने एक रोडमैप के साथ रिपोर्ट की प्रतियां राजस्थान सरकार को प्रस्तुत की हैं, जिसमें विस्तृत रिपोर्ट तैयार करना और इसका रेलवे से अनुमोदन, इसमें भाग लेने वाले प्रमुख हितधारक, परियोजना के कार्यान्वयन के लिए जेवी/एसपीवी का गठन और परियोजना निष्पादन (कार्यान्वयन के लिए आईपीआरसीएल और जेवी/एसपीवी के बीच करार) आदि कार्य शामिल हैं, राजस्थान सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, जैसलमेर से कंडला तक माल के आवागमन के लिए रेल परियोजना को राज्य सरकार द्वारा सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया गया है।

*****